दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 259
मुरादाबाद
(Saturday)
10 January 2026
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## सीएम योगी ने ईवी प्लांट का किया उद्घाटन, बोले- अब यूपी अपनी क्षमताओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते आठ वर्षों में यूपी सिर्फ असीमित क्षमताओं वाला प्रदेश ही नहीं रहा बल्कि क्षमताओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन चुका है। उत्तर प्रदेश आज निवेशकों की पसंद में पहले स्थान पर है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री ने लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने फैक्ट्री का उद्घाटन करने के बाद ई-बस में सफर भी किया।



फैक्ट्री का निर्माण सरोजनी नगर इलाके में करीब 70 एकड़ में किया गया है। यहां पर ई-बस, ई-ट्रेवलर और ई-लोडिंग वाहन बनाए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इसके लिए मैं हिंदुजा परिवार को बधाई देता हूं। यह निवेश बताता है कि यूपी में बीते आठ वर्षों में क्या परिवर्तन हुए हैं। प्रदेश के हर जिले में निवेश हो रहा है। जो कि बताता है कि अब यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल का ही प्रदेश नहीं बल्कि पोटेंशियल को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन चुका है।आज यूपी न सिर्फ देश के बल्कि दुनिया के निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। यही कारण है कि यूपी में निवेश के लिए 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। प्रदेश में बीते आठ वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में जो काम हुआ है यही कारण है कि आज देश के 55 फीसदी एक्सप्रेस वे यूपी में हैं। प्रदेश में रैपिड रेल बनाई जा रही है। आज प्रदेश में 18 हजार स्टार्टअप काम कर रहे हैं।

इस मौके पर भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि यह सिर्फ प्रदेश के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए आत्मनिर्भर भारत और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में बड़ा कदम है। यह भारत के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

रक्षामंत्री राजनाथ बोले- यूपी की रेटिंग अब एक्सीलेंट

इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि योगी जी जिस तरह से यूपी को चला रहे हैं। उससे सहज ही प्रदेश की रेटिंग एक्सीलेंट कही जा सकती है। अशोक लीलैंड कंपनी की इस ईवी फैक्टरी का उद्घाटन प्रदेश के औद्योगीकरण की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि मैं लखनऊ से सांसद हूं पर अगर मैं लखनऊ का न भी होता तो भी यह शहर मुझे उतना ही प्रिय होता जितना कि आज है । पहले जिस यूपी को खराब कानून व्यवस्था और दंगों से जोड़कर देखा जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी जगह बना रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश में निवेश होने से यहां के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा।रक्षामंत्री ने कहा कि अब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। अब भारत एक कमजोर देश नहीं बल्कि अपने हथियार खुद बनाता है और इस कार्य में यूपी बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। प्रदेश में जिस तरह से कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार हुआ है वो अपने आप में एक मिसाल है।

## बंगाल में ED की कार्रवाई का दिल्ली तक विरोध, हाईकोर्ट में सुनवाई टली;सीएम ममता का मार्च शुरू



टीएमसी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां चुनाव से पहले पार्टी के रणनीतिक दस्तावेजों तथा डेटा को हाथ लगाने की कोशिश कर रही हैं, जिससे राजनीतिक माहौल और गरमाया गया है। पार्टी का कहना है कि यह कार्रवाई चुनाव वर्ष में राजनीतिक दबाव पैदा करने की साजिश का हिस्सा है। दिल्ली समेत कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन जारी है, जिसमें टीएमसी नेताओं ने प्रवर्तन निदेशालय की I-PAC के खिलाफ छापेमारी का विरोध करते हुए केंद्र सरकार पर कड़ी टिप्पणियां कीं।राज्यपाल सीवी आनंद बोस को हाल ही में एक धमकी भरा ईमेल मिला था, जिसमें लिखा था कि उन्हें बम से उड़ाया जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि वे ऐसी धमकियों से बिल्कुल नहीं डरते। उन्होंने बताया कि पिछले साल जब वे जनता के बीच थे, तब उनके सामने बम फेंका गया था। यह किसी की नासमझी हो सकती है या जानबूझकर की गई हरकत, इसकी जांच संबंधित एजेंसियां करेंगी। डाक्रेस लेन के दौरे पर राज्यपाल ने कहा कि वे जनता के बीच खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के साथ रहना उनके लिए सबसे बड़ी सुरक्षा है। राज्यपाल का मानना है कि लोगों की सुरक्षा किसी भी अन्य सुरक्षा व्यवस्था से ज्यादा मजबूत होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी के तहत उनके आसपास रहते हैं, भले ही वे खुद इसे जरूरी न मानें। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें जनता से बहुत प्यार और भरोसा मिलता है। इसके साथ ही राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बताया कि उन्होंने बंगाल के विकास के लिए जनता के नजरिए से एक कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने इसे जनता का घोषणापत्र और जनता की योजना बताया, जिसे वे संबंधित अधिकारियों के सामने रखेंगे ताकि उस पर उचित कार्रवाई हो सके ।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) के खिलाफ स्नद्बक्र दर्ज कराने के मामले पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि यह मामला अब हाईकोर्ट में है, इसलिए फैसले का इंतजार करना चाहिए। राज्यपाल ने साफ किया कि अदालत के निर्णय के बाद ही वे इस पर कोई टिप्पणी करेंगे। ईडी के हाईकोर्ट जाने के सवाल पर भी राज्यपाल ने दोहराया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और ऐसे में किसी भी तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।दिल्ली में टीएमसी के सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। जिन्हें बाद में पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने से रिहा कर दिया गया। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने ईडी की कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आई-पैक का दफ्तर उनकी पार्टी की संपत्ति है और वहां ईडी ने लूट करने की कोशिश की। महुआ ने आरोप लगाया कि चुनाव से ठीक पहले ईडी ने जानबूझकर पार्टी का चुनावी डेटा खराब करने के इरादे से छापा मारा। उन्होंने कहा कि अगर कोई आपके घर में चोरी करने आए, तो आपको अपनी संपत्ति बचाने का पूरा अधिकार है। हमारे पास भी अपनी संपत्ति बचाने का अधिकार है, नहीं तो ईडी इसे उठाकर भाजपा को दे देगी। टीएमसी नेताओं का कहना है कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों को डराने और दबाने के लिए किया जा रहा है।

### संक्षिप्त समाचार

## आतिशी के इस्तीफे से कम कुछ भी मंजूर नहीं; दिल्ली में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को घेरा

आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना के द्वारा कथित तौर पर सिख गुरु तेग बहादुर का अपमान किए जाने पर भाजपा शुक्रवार को सड़कों पर उतरी। पार्टी का आरोप है कि आम आदमी पार्टी के नेता जानबूझकर भारतीय धर्म-संस्कृति का मजाक उड़ाते हैं। भाजपा के अनुसार , आम आदमी पार्टी नेता पहले भी ऐसा कर चुके हैं और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और आतिशी मार्लेना और भगवंत मान के इस्तीफे की मांग की। पार्टी इस मुद्दे को पंजाब में भी मजबूती से उठाने की योजना बना रही है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि आतिशी मार्लेना के वीडियो से छेड़छाड़ की गई है। आम आदमी पार्टी ने वीडियो के फॉरेंसिक जांच की मांग की है।भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरुण चुग ने अमर उजाला से कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता जानबूझकर हिंदू और सिख गुरुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं में भारतीय धर्म संस्कृति के खिलाफ थोड़ा सा भी सम्मान नहीं है, जिसके कारण वे बार-बार हिंदुओं और सिखों को अपमानित करने का काम करते हैं।

## अमित शाह ने लॉन्च किया देश का पहला राष्ट्रीय IED डेटा मैनेजमेंट सिस्टम, आतंरिक सुरक्षा मजबूत होगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्चुअली भारत का पहला राष्ट्रीय ढ्ढश्वष्ठ डेटा मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया, जो आतंरिक सुरक्षा और आतंकवाद रोधी तंत्र को मजबूत करेगा।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह कदम देश की काउंटर-ढ्ढश्वष्ठ और आतंरिक सुरक्षा संरचना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एनआईडीएमएस को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो आईईडी से संबंधित डेटा के संग्रह, समेकन और वितरण को व्यवस्थित करने में मदद करेगा।आतंरिक सुरक्षा मजबूत होगी



वर्चुअल उद्घाटन के दौरान अमित शाह ने कहा कि इंटर-एजेंसी समन्वय भी अब और बेहतर होगा। यह सही समय और सही जगह पर सही जानकारी पहुंचाने का एक बहुत प्रभावी तरीका होगा। एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों का विश्लेषण किया है और किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार किया है। आतंकवाद रोधी गतिविधियां, हाइजैकिंग विरोधी ऑपरेशन, बम निष्कासन की उन्नत प्रणाली और अब सभी एजेंसियों के साथ डेटा साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना ये सभी एनएसजी के महत्वपूर्ण कार्य हैं।एनएसजी के डायरेक्टर जनरल ब्रिघु श्रीनिवासन ने बताया कि पिछले 11 महीनों में ह्रस्त्र ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस सिस्टम को तैयार किया है। उन्होंने इसे भारत का अनूठा प्लेटफॉर्म बताया। एनआईडीएमएस के माध्यम से राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियां डेटा को एक्सेस, विश्लेषण और साझा कर सकेंगी। इससे आतंकवाद और विद्रोही हमलों की रोकथाम में तेजी आएगी और जांच प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा सकेगा। इस प्लेटफॉर्म से फोरेंसिक विश्लेषण, ट्रेनिंग मॉड्यूल और ऑपरेशन योजना में सुधार होगा। आईईडी अक्सर आतंकवादी और विद्रोही समूहों द्वारा सुरक्षा बल और आम जनता को निशाना बनाने के लिए उपयोग किए जाते हैं। एनआईडीएमएस के जरिए टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल कर देश की तैयारी बढ़ाई जा सकेगी और किसी भी घटना के समय तेजी से प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी।

## धर्मांतरण मामला: अपर्णा यादव के आरोपों पर केजीएमयू प्रशासन का जवाब, सबसे कम समय में कार्रवाई की



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने धर्मांतरण और यौनशोषण मामले में केजीएमयू प्रशासन पर कार्रवाई करने में लापरवाही करने का आरोप लगाया। जिस पर केजीएमयू प्रशासन ने प्रेस कांफ्रेंस कर जवाब दिया।केजीएमयू में महिला डॉक्टर के साथ यौन शोषण और धर्मांतरण मामले में कार्रवाई को लेकर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने केजीएमयू प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी डॉ. रमीज पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई और लगातार लापरवाही बरती गई जिससे कि एक मासूम अत्याचार का शिकार हुई। अपर्णा यादव शुक्रवार को केजीएमयू में मीडिया को संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कुलपति सोनिया नित्यानंद को लेकर भी नाराजगी जताई। अपर्णा यादव ने कहा कि जब पीड़िता ने महिला आयोग जाने की बात कही तो उसे मना कर दिया गया जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि क्या राज्य महिला आयोग एक संवैधानिक संस्था नहीं है। आज भी कुलपति ने मुझसे मुलाकात करने से इन्कार कर दिया।केजीएमयू प्रशासन ने प्रेस कांफ्रेंस कर दिया जवाब- अपर्णा यादव के आरोपों पर केजीएमयू प्रशासन की ओर से वीसी नित्यानंद ने भी प्रेसवार्ता की और आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सभी आरोप निराधार हैं। हमने सबसे कम समय में मामले में कार्रवाई की और विशाखा समिति की रिपोर्ट आने पर डॉ. रमीज मलिक को बर्खास्त करने की सिफारिश भी की है। अपर्णा यादव ने बिना अनुमति लिए केजीएमयू में प्रेस कांफ्रेंस की। उनके साथ लोग आए और हंगामा किया। हमने महिला आयोग की अध्यक्ष से पूछा तो अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का काम धरना-प्रदर्शन करना नहीं है।अपर्णा यादव ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि केजीएमयू के परिसर में प्रवेश करने से उन्हें रोका गया और करीब 10 मिनट तक बाहर खड़ा रखा गया।इसके पहले हिंदू संगठनों के लोगों ने केजीएमयू के कुलपति के कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया और कार्यालय को बाहर से बंद कर दिया। उन्होंने केजीएमयू प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए।

## संपादकीय Editorial

### Why is Shahrukh Khan targeted?

In the rejuvenated atmosphere of the New Year, with new values ??and new thinking, there is also a wish that God grants wisdom to religious fanatics. They should also introspect that those with different religions and beliefs also exist. This country belongs to them too. The Constitution grants them rights and protection. This country does not belong only to religious fanatics. They should not be under any illusions. Fanaticism cannot garner widespread public support. Who are these people who continue to define the country based on religion? Shahrukh Khan is the superstar of this country. He has millions of fans and admirers. He is a Bollywood superstar. He pays crores of rupees in taxes to the government every year. That money also contributes to the welfare and development of the people and society. He was abused simply because he is Khan. Who are those who called him a traitor, a traitor to the nation, and even a Jihadi animal? Can a human being be labeled an animal? Those who use such abuses are storytellers, so-called saints, and MLAs. Rambhadracharya holds the honor of "Jagatguru." We have seen many VIPs touching his feet and prostrating before him. Devkinandan Thakur is a "storyteller," and therefore, a section of devotees are also his "devotees." Nandkishore Gurjar is a BJP MLA, and Sangeet Som is a former BJP MLA. Their public responsibility is not to abuse. They are public servants. A female leader announced that whoever brings Shah Rukh Khan's tongue cut out would be rewarded with one lakh rupees. Why were these violent, hateful, and communal statements made? And why did their political leadership remain silent? Were there instructions from the top to make such statements? What crime did Shah Rukh Khan commit? He is a co-owner of the IPL team KKR. He holds a 55 percent stake, while Juhi Chawla and her husband Jay Mehta own the remaining 45 percent. If a Bangladeshi fast bowler was contracted for KKR, then by and large, Shahrukh Khan hasn't committed any "international crime." Bangladesh is not an "enemy country" of India. Our diplomatic relations remain intact. Our Foreign Minister, S. Jaishankar, traveled to Dhaka to attend the funeral of former Prime Minister Khaleda Zia. Bangladesh's overthrown Prime Minister, Sheikh Hasina, has been safely under India's protection and refuge for the past year and a half. Who is responsible for this? Several Indian companies, including Adani Power, VIP, Dabur, Hero MotoCorp, and Emami, export approximately ?1 lakh crore worth of goods to Bangladesh. India also imports approximately ?17,000 crore worth of goods from Bangladesh. If some abusive individuals and organizations object to Bangladeshi, Muslim cricketers playing in the IPL, the BCCI should be held accountable for not imposing restrictions on the selection and contracting of Bangladeshi players. Such restrictions apply to Pakistani cricketers. What can Shahrukh Khan do? They don't even participate in the bidding for players. Then how can a handful of abusive people label anyone a traitor, a traitor, or a jihadi animal? We believe that using such abusive language is a crime, and therefore, legal action should be taken against the abusers. However, now the Bangladesh Cricket Board has decided that their team will not play four T20 World Cup matches in India. They should be relocated to Sri Lanka. The ICC's decision is still pending, but what is the BCCI's decision on Team India's tour of Bangladesh in September? In reality, this isn't a controversy at all. Hindus are being murdered in Bangladesh, their homes, temples, and shops are being burned. In response, the VHP and some other Hindu organizations are protesting in Indian cities, but they haven't killed anyone.

# Somnath, a symbol of faith and the power of creation, stands radiant, radiating hope.

The Somnath Temple is a symbol of India's faith and pride, having maintained its identity despite foreign invasions. 1000 years since Mahmud Ghaznavi's attack in 1026 and 75 years since its reconstruction in 1951, this temple conveys the power of creation over destruction. Sardar Patel and Dr. Rajendra Prasad played a key role in its reconstruction. It symbolizes India's self-respect and unwavering faith. The Somnath Temple is a symbol of India's unwavering faith. 1000 years since the attack in 1026, it conveys the power of creation over destruction. The very word "Somnath" fills our hearts and minds with pride and faith. Located in Prabhas Patan, Gujarat, on the western coast of India, Somnath is an eternal embodiment of India's soul. Among the twelve Jyotirlingas, Somnath holds the first place. Unfortunately, this very Somnath continued to be a target of foreign invaders. The year 2026 holds great significance for the Somnath Temple, as it marks the 1000th anniversary of the first attack on this great shrine. In January 1026, Mahmud of Ghazni launched a massive attack on the temple, destroying it. This attack was a violent and barbaric attempt to destroy a great symbol of faith and civilization. The Somnath attack is one of the greatest tragedies in human history. The brutality and destruction during that time are described in detail in numerous historical sources, the pain of which is felt even today. Yet, a thousand years later, the temple stands proudly. The temple's present form took shape in 1951. Coincidentally, 2026 also marks the 75th anniversary of the Somnath Temple's reconstruction. The reconstruction was completed on May 11, 1951. That historic ceremony was held in the august presence of the then President, Dr. Rajendra Prasad, when the reconstructed temple was opened for darshan. The medieval barbarism that began in 1026 AD further incited others to attack Somnath repeatedly. This was an attempt to enslave our people and our culture, but each time the temple was attacked, our heroes and heroines made the supreme sacrifice to protect it. Generation after generation, the people of our great civilization gathered themselves, rebuilt the temple, and revitalized it. Somnath also possessed a strong economic potential. Seafarers and sailors spread tales of its splendor far and wide. Mahmud of Ghaznavi plundered and departed, but he could not take away our devotion to Somnath. Our faith and belief in Somnath grew stronger. A thousand years after 1026 AD, even today, in 2026, the Somnath Temple continues to send a message to the world that those with a mindset of destruction perish, while the Somnath Temple stands as a strong foundation of our faith. It remains a source of inspiration and a source of strength. Despite the attack on Somnath and the subsequent long period of slavery, today I want to say with full confidence and pride that the story of Somnath is not a story of destruction. It is the story of the self-respect of millions of Mother India's children, a story of the unwavering faith of the people of India, spanning the past 1,000 years. We are fortunate to have lived on the land that gave birth to a great personality like Devi Ahilyabai Holkar. She ensured that devotees could worship at Somnath. Swami Vivekananda also visited Somnath. Speaking about his experience there, during a lecture in Chennai in 1897, he said, "The ancient temples of South India and temples like Somnath in Gujarat will teach you countless lessons of wisdom. They will give you a deeper understanding of our civilization than any number of books you could read. These temples bear the marks of hundreds of attacks and have been reborn hundreds of times. They have been destroyed again and again, and each time they have risen from their own ruins, as strong and vibrant as before. This is the national mind, this is the national lifeblood." Following it fills you with pride. To abandon it means death. To depart from it will only lead to destruction.' After independence, the sacred responsibility of rebuilding the Somnath Temple fell into the capable hands of Sardar Vallabhbhai Patel. He actively undertook this responsibility. The then Prime Minister, Pandit Jawaharlal Nehru, was not very enthusiastic about the reconstruction of Somnath and did not want President Rajendra Prasad and his ministers to be part of the ceremony. He said that this would tarnish India's image. However, Rajendra Babu remained steadfast, and what followed created a new history. Any mention of the Somnath Temple is incomplete without remembering the contributions of K.M. Munshi. He effectively supported Sardar Patel. His book on Somnath, 'Somnath, the Shrine Eternal,' is a must-read. The title of the book itself makes it clear that we are a civilization that has an unshakable belief in the immortality of the soul and ideas. The physical structure of Somnath was destroyed, but its spirit remained immortal. These ideas have given us the strength to rise again, strengthen, and move forward in every era and every situation. Because of these values ??and the resolve of our people, the world is looking to India today. The world is looking to India with hope and confidence. Our art, culture, music, and festivals are establishing a global identity. Yoga and Ayurveda are making an impact across the world. Today, the world is looking to India for solutions to many global challenges. The invaders of the past have become the dust of time. Their names are now taken as symbols of destruction. They are mere footnotes in the pages of history, while Somnath still stands radiant, spreading its hope. The symbol of Somnath demonstrates that hatred and fanaticism may have the perverse power of destruction, but faith has the power to create. If the Somnath temple, destroyed a thousand years ago, can be rebuilt in all its glory, we can also recreate the prosperous India of a thousand years ago. Let us move forward with this inspiration. With a new resolve, to build a developed India. An India whose civilizational wisdom inspires us to continue striving for the welfare of the world. Jai Somnath.

# A Fragmented World Order, Rule-Based Countries Becoming a Threat to the Global Framework

The international system is weakening, with powerful nations violating rules. Sanctions on Venezuela and Iran highlight this inequality. India is playing a balancing role, centered on strategic autonomy and dialogue. India has adopted a citizen-centered foreign policy, prioritizing humanitarian assistance and calling for reform of global institutions to establish a just world order. The international system is weakening, and powerful nations are violating rules. Sanctions on Venezuela and Iran have exposed global inequality. India's citizen-centered foreign policy and balancing role are crucial. Today, the international system is weakening. Many countries are openly violating international laws. International laws are not being applied equally to all countries. Countries are now making decisions based solely on their own interests. War and violence have increased globally. The very countries that once championed a rules-based world order are now becoming a threat to the global system. The fundamental objectives of the rules-based world order were respect for sovereignty, protection of territorial integrity, peaceful resolution of disputes, and adherence to international law. International institutions—the United Nations, the International Court of Justice, the World Trade Organization, and multilateral treaties—were strong pillars of this system. However, today's situation is such that rules are followed only when they serve the interests of powerful countries. Where interests clash, rules are interpreted or ignored. The events in Venezuela and Iran demonstrate how economic sanctions and open interference by external powers have become a lethal weapon in international politics. In the case of Venezuela, under the pretext of internal political crisis and democracy, external powers not only engaged in open political interference but also adopted a policy of encouraging regime change. The legitimacy of the government was challenged on international forums, parallel power structures were recognized, and severe restrictions were imposed on oil, financial transactions, and foreign investment. Similarly, the sanctions imposed on Iran raise serious questions about the principles of equality and fairness in international law. Iran is a signatory to the NPT and has consistently accepted the monitoring regime of the International Atomic Energy Agency (IAEA). Despite this, the intensity of unilateral and multilateral sanctions imposed on it demonstrates that rules are interpreted according to political interests. These sanctions directly impacted the already weakened economies of Venezuela and Iran. The oil-dependent country's foreign exchange earnings plummeted, inflation spiraled, and basic commodities became scarce. Health services collapsed, malnutrition increased, and millions of citizens were forced to flee the country in search of a better life. This reinforces the perception that the fundamental tenets of the rules-based global order—equality, justice, and respect for sovereignty—are being lost. The world is rapidly moving toward a multipolar structure, with regional powers becoming more assertive. At such a time, India, which believes in strategic autonomy, dialogue, and multilateralism, can play a balancing role. Over the past decade, India has based its foreign policy on a citizen-centric and humanitarian approach. Amidst global conflicts and polarized international politics, India has adopted a policy of maintaining dialogue with all parties involved, rather than rigidly taking a stand on one side. This balanced approach has not only established India as a reliable and responsive global partner, but has also demonstrated that the ultimate objective of foreign policy should be the protection of human life and dignity, not a display of power. By prioritizing humanitarian assistance to crisis-hit areas and disaster-stricken countries, and fundamental issues such as food, health, and energy security, India has made it clear that the needs of its citizens are above geopolitical competition. Through this approach, India has not only protected its national interests but also vociferously raised the concerns of developing countries and the Global South, which have long been ignored, on international platforms. India has also consistently drawn attention to the structural limitations and lack of representation of international institutions. The demand for reform of global institutions, including the United Nations Security Council, is based on the belief that global peace and stability will remain an unfulfilled goal unless decision-making processes are more inclusive and equitable. Today, as global politics increasingly revolves around confrontation, sanctions, and military power, emphasizing peaceful conflict resolution and prioritizing dialogue as the primary means of engagement has become the need of the hour. Placing civilian safety, human dignity, and developmental needs above geopolitical interests can be the foundation of a sustainable and just international order. India's foreign policy represents this approach—where trust, rather than power, and cooperation, rather than dominance, are considered the guiding principles of global politics.

# पत्नी को फावड़े से काटा: घर आते ही बीवी से मांगा खाना... जवाब सुन भड़का पति, हत्या करके शव के पास बैठा रहा युवक

मुरादाबाद के कटघर क्षेत्र में राजू सैनी ने खाना न बनाने पर अपनी पत्नी पूनम की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।यूपी के मुरादाबाद में कटघर थाना क्षेत्र के देवापुर में बृहस्पतिवार की शाम सैनी ने अपनी पत्नी पूनम (40) के कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी आस-पड़ोस के लोगों की सूचना पर लिया है।एसपी सिटी कुमार रण विजय निवासी राजू सैनी का कई दिन से पत्नी चल रहा था। गुरुवार की सुबह भी बाद वह घर से बिना खाना खाए चला किया और शाम करीब पांच बजे घर मौजूद नहीं है। वह उसे देखने के लिए वहां पत्नी पशुओं के लिए चारा तैयार कहा कि घर चलकर खाना दे दो, दिया है कि अभी उसने खाना नहीं के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया। लिया और एक के बाद एक तीन बार





पांच बजे खाना नहीं देने पर राजू सिर पर फावड़े से हमला कर हत्या राजू घेर (पशुशाला) में ही बैठ गया। पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार सिंह ने बताया कि कटघर के देवापुर पूनम से शराब पीने को लेकर विवाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।इसके गया था। दिन भर उसने खेत पर काम लौटा। उसने देखा कि घर में पत्नी घर के पास ही घेर में चला गया था। कर रही थी। उसने अपनी पत्नी से लेकिन पूनम ने यह कहकर मना कर बनाया है। इसी बात को लेकर दोनों उसने घेर में ही रखा फावड़ा उठा महिला के सिर पर वार कर दिए। इस हमले में पूनम की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी मौके से भागा नहीं और वहीं बैठ गया। आस पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सीओ कटघर वरुण कुमार और कटघर थाना प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम भी बुला ली। टीम ने जांच पड़ताल की। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के भेज दिया है। पूनम की दो बेटियां और दो बेटे हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। एसपी सिटी कुमार रण विजयसिंह ने बताया कि आरोपी राजू को गिरफ्तार कर फावड़ा भी बरामद कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में हत्या करने की बात कबूल कर ली है। पूनम की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# टैरिफ से विदेशों में फीकी हुई पीतल के उत्पादों की चमक, निर्यात 60 प्रतिशत गिरा

मुरादाबाद। मुरादाबाद से देश विदेश में 10 हजार करोड़ रुपये के पीतल उत्पादों का निर्यात होता था, लेकिन ट्रंप टैरिफ के वार से इस समय विदेशों में पीतलनगरी के उत्पादों की चमक फीकी पड़ गई है। कारोबार लगभग ठप होने से निर्यातकों में मायूसी छाई है। वह सरकार से जापान, रुस, यूक्रेन सहित अन्य कई देशों को लगभग 10 हजार करोड़ रुपये निर्यातकों की है। देश दुनिया के हर कोने में पीतल नगरी का उत्पाद पहुंचता रहती है। विश्व के प्रमुख देशों यूएसए, यूके, यूएई सहित अन्य कई बड़े देशों मुरादाबाद के शिल्प गुरु दिलशाद हुसैन की सराहना- पीतल की कारीगरी नक्काशी की मांग रहती है। पीतल के उत्पादों पर बेहतरीन नक्काशी के बूते यहां नवाजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिल्पगुरु दिलशाद हुसैन के शिल्पकारी स्थिति दयनीय कर दी है। मुरादाबाद की ब्रास इंडस्ट्री भी बुरी तरह प्रभावित





विशेष राहत की आस लगाए हैं।विश्व प्रसिद्ध पीतलनगरी मुरादाबाद से अमेरिका, का निर्यात होता है। हस्तशिल्प निर्यात में 40त्न की हिस्सेदारी मुरादाबाद के है। उत्कृष्ट नक्काशी व गुणवत्ता के चलते यहां के उत्पादों की विदेशों में खूब मांग को पीतलनगरी के उत्पादों का निर्यात किया जाता है।प्रधानमंत्री भी कर चुके हैं की विदेशों में खूब धूम रही है। विश्व पटल पर यहां के ब्रास उत्पादों पर उत्कृष्ट के शिल्प गुरु दिलशाद हुसैन और बाबूराम यादव को भारत सरकार ने पद्मश्री से की तारीफ कर चुके हैं।निर्यातकों का दर्द- ट्रंप के टैरिफ ने भारत के निर्यातकों की है। पहले लगभग 10,000 करोड़ का पीतल उत्पादों का निर्यात विदेशों में होता था। इस समय 60 प्रतिशत कारोबार कम हो गया है। क्रिसमस, नया साल निर्यातकों के लिए काफी अच्छा होता था, लेकिन इस समय हालत दयनीय और कारोबार लगभग ठप है। फरवरी में ग्रेटर नोयडा में होने वाले फेयर में बॉयर के आने पर कुछ उम्मीद है, वास्तविक स्थिति इस फेयर में खरीदारों के रिस्पांस पर निर्भर है। अभी तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने और कड़े कदम उठाने की बात कही है।- अवधेश अग्रवाल, निर्यातक, मुख्य संयोजक ईपीसीएच। आज के दौर में स्थिति बहुत खराब है। किसी आर्टिजन के पास कोई काम नहीं है। अमेरिका के टैरिफ से निर्यात बुरी तरह प्रभावित है। अमेरिका, वेनेजुएला टकराव से हालत और खराब होने की स्थिति लग रही है। सरकार से उम्मीद है कॉपर शीट व अन्य कच्चे माल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करे, साथ ही इनकी जमाखोरी रोके। हम चाहते हैं कि सरकार निर्यातकों को राहत देने के लिए और ठोस कदम उठाए। - नजमुल इस्लाम, निर्यातक, संरक्षक मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्र्स एसोसिएशन

# सुप्रीम आदेश के बाद कुत्तों और छुट्टा पशुओं से निजात की जगी आस

मुरादाबाद। सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों से कुत्तों और पशुओं को सड़कों से हटाने के आदेश जारी किए है। जिससे लोगों में इनसे निजात की उम्मीद जगी है। हालांकि महानगर में सड़कों पर छुट्टा पशु और कुत्ते हमेश की तरह विचरण करते रहे। कुत्तों के काटने पहुंचे। महानगर में कुछ महीने पहले एक बुजुर्ग की जान चली गई थी। वहीं पाकबड़ा में पिछले कर दिया था। इसके बाद भी नगर निगम व अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों में घूमने वाले नहीं उठाया जा रहा है।कई बार रस्म अदायगी के नगर निगम की ओर से एनीमल बर्थ कंट्रोल उनका स्टर्लाइजेशन किया जाता है जिससे उनकी स्ट्रीट डॉग्स आज भी घूम रहे हैं। महानगर के भी कुत्ते घूमते दिखे। वहीं जिला अस्पताल में थे। प्रतिदिन 70-75 नये मरीज आ रहे चिकित्सक डॉ. मोनिका ने बताया कि ठंड के



से अस्पताल में एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने वाले भी कई पीड़ित पर सांड़ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसमें बुजुर्ग महीने एक बुजुर्ग महिला को सांड़ ने पटक कर गंभीर रूप से जख्मी नगर पंचायतों की ओर से निकाय क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से सड़कों, छुट्टा पशुओं और कुत्तों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए ठोस कदम लिए अभियान चलते हैं फिर कुछ दिन बाद ठप हो जाता है। जबकि सेंटर भी बनाया गया है। जहां कुत्तों को पकड़ कर ले जाने के बाद आबादी को नियंत्रित किया जा सके। फिर भी सड़कों पर जहां तहां आशियाना कॉलोनी के पास रामंगगा विहार वाली रोड पर गुरुवार को भी डॉग बाइट के शिकार लोग एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचे अस्पताल- जिला अस्पताल में एआरवी इंजेक्शन कक्ष की प्रभारी दिनों में भी प्रतिदिन 70-75 डॉग बाइट के पीड़ित इंजेक्शन लगवाने आ रहे हैं। जबकि पुराने पीड़ित भी फालोअप इंजेक्शन लगवाने के लिए आते हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि निगम की ओर से छुट्टा गोवंश और कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाता है। इसे और प्रभावी और सख्त करेंगे। निगम की ओर से पकड़ कर उनका स्टरलाइजेशन कराया जाता है। जिससे उनकी संख्या नियंत्रित हो सके। साथ ही अब निगम प्रशासन महानगर की कॉलोनियों व आबादी क्षेत्र में भैंस पालकर उनका गोबर नालियों में डालने और शहर में सड़कों पर छोड़ने वालों पर भी कार्रवाई करेंगे। ऐसी भैंसों को जब्त करेंगे

# अमेरिका- वेनेजुएला में जंग, 80 करोड़ के मुरादाबादी उत्पाद रास्ते में फंसे, खरीदारों ने आर्डर किए होल्ड

अमेरिका-वेनेजुएला तनाव का असर मुरादाबाद के निर्यात कारोबार पर पड़ रहा है। जंग के बीच मुरादाबाद से भेजे गए 80 करोड़ रुपये के हस्तशिल्प उत्पाद रास्ते में फंस गए हैं। इसके साथ ही विदेशी खरीदारों ने कई ऑर्डर कैंसिल कर दिए हैं।अमेरिका-वेनेजुएला की निर्यातक बताते हैं वेनेजुएला व आसपास के देशों को भेजे गए 80 खरीदारों ने आर्डर होल्ड भी कर दिए हैं।माहौल जल्दी नहीं बदला निर्यातकों ने बताया कि वेनेजुएला और लैटिन अमेरिका में पीतलनगरी है। मुरादाबाद के निर्यात का 6.5 प्रतिशत निर्यात वेनेजुएला को होता हस्तशिल्प उत्पाद बीच में फंस गए हैं। यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी अन्य देशों में पीतलनगरी से निर्यात किए जाने वाले हस्तशिल्प खरीदारों ने कुछ आर्डर कैंसिल कर दिए हैं तो कुछ होल्ड पर हैं। हालात में निर्यातकों का भुगतान अटकने की आशंका भी बढ़ गई है। है। इन देशों में निर्यात पर पड़ा असर- निर्यातकों ने बताया कि



जंग का असर मुरादाबाद के निर्यात कारोबारियों पर भी है। करोड़ रुपये के उत्पाद रास्ते में फंस गए हैं। साथ ही विदेशी तो रास्ते में फंसे उत्पादों के भुगतान में भी दिक्कत आएगी। के हस्तशिल्प उत्पादों का करीब 1500 करोड़ का कारोबार होता है।अचानक वहां का माहौल बिगड़ने से करीब 80 करोड़ के (वाईईएस) के अध्यक्ष जेपी सिंह ने बताया कि वेनेजुएला समेत उत्पाद गिफ्ट से संबंधित होते हैं। तनाव बढ़ने की वजह से उन्होंने कहा कि वैसे वेनेजुएला स्थिर बाजार रहा है। मौजूदा हालात न सुधरे तो उत्पादों का इंश्योरेंस भी प्रभावित हो सकता वेनेजुएला समेत लैटिन अमेरिका के करीब 20 देशों में हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात होता है। इनमें ब्राजील, मेक्सिको, अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, पेरू आदि शामिल हैं। हालात बदलने से इन सभी देशों के निर्यात पर फर्क पड़ रहा है। वेनेजुएला समेत अन्य देशों में निर्यातकों ने सैंपल दिए हैं। अब बड़े आर्डर न के बराबर हैं। छोटे आर्डर से ही निर्यातकों को संतोष करना पड़ेगा। निर्यातकों को अब एडवांस और सुरक्षित शर्तों पर काम करने की जरूरत है। -जेपी सिंह, अध्यक्ष, यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी (वाईईएस) अमेरिका व वेनेजुएला की आपसी तनातनी से निर्यातकों के आर्डर होल्ड हो गए हैं। निर्यातकों को चिंता बनी हुई है। कई कंपनियों ने हस्तशिल्प उत्पादों को बनाना कम कर दिया है। -नावेद उर्रहमान, सीओए सदस्य ईपीसीएच अमेरिका से आर्डर कम मिलने की वजह से निर्यातकों ने छोटे देशों में बाजार की तलाश शुरू की थी। वेनेजुएला समेत कुछ देशों में सैंपल भेजने व खरीदारों से अन्य बातचीत चल रही है। - सुरेश कुमार गुप्ता, चेयरमैन, आईआईए हैंडीक्रॉफ्ट डेवलपमेंट कमेटी अब ट्रंप की नीति की वजह से निर्यातकों को और परेशानी बढ़ती दिख रही है। आने वाले कुछ महीनों में अमेरिका-वेनेजुएला की खींचतान काम को और प्रभावित करेगी। - विकास अरोड़ा, अध्यक्ष, मुरादाबाद एसईजेड, एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन

## संक्षिप्त समाचार

### आजम खां जेल में बीमार, बेड तक नहीं मिला : डॉ. तजीन

रामपुर। सपा नेता आजम खां इन दिनों बीमार हैं। उनको जेल में सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। यह बात सपा आजम खां की पत्नी डॉक्टर तजीन फात्मा ने जेल में आजम खां से मिलने के बाद कही। उन्होंने कहा कि आजम को बेड तक नहीं दिया गया है, वह जमीन पर सो रहे हैं।सपा नेता आजम खां इस वक्त बेटे अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड के मामले में रामपुर जेल में बंद हैं। उनको कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है। आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा ने कहा कि जेल में आजम खां को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इतनी सर्दी में वे जमीन पर सो रहे हैं। कहा कि जेल में आजम खां को बुखार और खांसी की शिकायत है। राजनेता कैदी के तौर पर उनको जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं, वह नहीं मिल रही हैं।इसको लेकर उन्होंने जेल प्रशासन से कई बार कहा है। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। आजम खां की पत्नी अपने बड़े बेटे अदीब आजम और परिजनों के साथ बृहस्पतिवार को जेल पहुंची थीं।

### देवर पर दुष्कर्म का आरोप

पटवाई। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मार-पीटकर घर से निकल दिया। विवाहिता ने देवर पर दुष्कर्म का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।पटवाई थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी क्षेत्र की ही एक युवक के साथ हुई थी। शादी में हैसियत के अनुसार दहेज दिया गया था। ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि एक दिन विवाहिता घर पर अकेली थी। तभी उसका देवर कमरे में घुस आया और दुष्कर्म किया। महिला ने ससुराल वालों को वापस आने पर घटना की जानकारी दी, जिसपर आरोपियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल के छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### समझौते के बाद भी दोबारा किया हमला

सैफनी। नगर के बस स्टैंड स्थित साप्ताहिक बाजार में दबंगों ने समझौता होने के बावजूद एक सब्जी विक्रेता युवक पर दोबारा हमला किया। पीड़ित विनोद जाटव ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम सद्दीकनगर निवासी कुंवरपाल और उसके साथियों ने दोबारा उसकी जान लेने का प्रयास किया।विनोद के मुताबिक, 27 दिसंबर को दुकान के सामने बाइक खड़ी करने के विवाद में कुंवरपाल व साथियों ने उसे गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटा था। उस समय थाने में शिकायत के बाद समझौता हो गया था। लेकिन बुधवार को हमलावर फिर लाठी-डंडे लेकर बाजार पहुंचे और विनोद पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया।विनोद ने उस दिन दुकान बाजार में दूसरे स्थान पर लगाई हुई थी, जिससे वह बच गया। हमलावरों ने गलती से उसी स्थान पर दुकान लगा रहे आनंद सैनी को विनोद समझकर हमला कर दिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। उसने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आनंद सैनी की तहरीर पर पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ देवकी नंदन ने कहा कि मामले की जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म

स्वार। शादी का झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पैदा हुई बेटी को आरोपी ने बेच दिया है। पीड़िता ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।मामला मसवासी चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। इस गांव की निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उसके पति की करीब 12 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि करीब पांच वर्ष पहले गांव के ही निवासी युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, जिसके बाद आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए, जिससे महिला गर्भवती हो गई।करीब तीन माह पहले आरोपी ने काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित एक अस्पताल में महिला की डिलीवरी कराई, जिसमें महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी को आरोपी ने अपने पिता, भाई, बहनोई और दोस्त के साथ मिलकर किसी को बेच दिया है। उसके बाद समुचित कार्रवाई की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# forex ट्रेडिंग के नाम पर चोरी का खेल 7 सेक्टर 20 पुलिस ने शातिर युवक को दबोचा, 4.60 लाख रुपये नकद बरामद

**क्यूँ न लिखूँ सच / संवाददाता सोनू /गौतमबुद्धनगर / नोएडा:** नोएडा के थाना सेक्टर 20 पुलिस ने Forex Coin ट्रेडिंग के नाम पर पर हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है




आरोपी के कब्जे से 4.60 लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन बरामद किया गया है और 2 लाख रुपये खाते मे फ्रीज कराए गये है थाना सेक्टर 20 पुलिस ने बडी सफ़लता हासिल करते हुए चोरी की एक सनसनी खेज घटना का सफल अनावरण किया है

पुलिस ने इस मामले मे एक शातिर अभियुक्त शिखर खुराना को गिरफ्तार किया है 7 आरोपी को मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने फुटपाथ से गिरफ्तार किया गया 7 उसके कब्जे से चोरी किए गए 4,60,000 रूपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है

# उपमुख्यमंत्री आज बरेली आएंगे, ग्राम चौपाल में राम जी की बताएंगे खूबियां



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज फरीदपुर तहसील के गांव लौंगपुर में होने वाली जन चौपाल में हिस्सा लेंगे उप मुख्यमंत्री ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ विकसित भारत-जी राम जी योजना के विषय में भी जानकारी देंगे।

उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बीते दिनों ग्राम चौपालों के माध्यम से विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए थे, ताकि गांवों में रहने वाले लोग इस कानून के उद्देश्यों और लाभों को भली-भांति समझ सकें। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री आगरा में होने वाली जन चौपाल में हिस्सा लेने जा रहे हैं। फरीदपुर के लौंगपुर गांव में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि डिप्टी सीएम ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ ही साथ प्रेस वार्ता भी करेंगे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

# पांडिचेरी में सीएम आर. रंगा स्वामी ने किया आंवला के सांसद नीरज मौर्य का अभिनंदन



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। आंवला के सांसद नीरज मौर्य इन दिनों उपभोक्ता मामलात, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे पर पांडिचेरी, चेन्नई और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में हैं। इस दौरान वे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और तकनीकी प्रयोग का स्थलीय अध्ययन कर रहे हैं।

दौरे के पहले दिन सांसद मौर्य ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर स्थानीय अधिकारियों से सस्ता गल्ला दुकानों की कार्यप्रणाली, राशन कार्डों के डिजिटलीकरण और शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी ली।

अधिकारियों ने उन्हें भंडारण, परिवहन, वितरण और लाभार्थियों तक अनाज पहुँचाने की पूरी प्रक्रिया का प्रेज़ेंटेशन दिया। सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा है कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और हर पात्र परिवार को समय पर उचित मात्रा में अनाज उपलब्ध हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि अध्ययन दौरे से मिली उपयोगी जानकारियों और सुझावों को आंवला संसदीय क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और मजबूत बनाने में उपयोग किया जाएगा, ताकि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। समिति के साथ सहयोग करने के लिए अधिकारी कई अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई जिसमें मुख्य रूप से रही संयुक्त सचिव सी शिखा आई.ऐ.एस भारत सरकार व जसिंथा लाज़ारुस आई.ऐ.एस एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एफ.सी.आई साउथ जोन । कार्यक्रम के दौरान ही एफसीआई डिपार्टमेंट में परारोपण का कार्यक्रम भी टी वी कोली पांडिचेरी में संपन्न हुआ ।

# सर्दी का सितम जारी, शिमला और मसूरी से ज्यादा ठंडा बरेली



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा /बरेली। पहाड़ों से आ रही सर्द हवा से रुहेलखंड शीतलहर की चपेट में है। बृहस्पतिवार को 11.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बरेली और शाहजहांपुर प्रदेश में सर्वाधिक ठंडे रहे। शाहजहांपुर में जनवरी के प्रेक्षण इतिहास में नौवां सबसे ठंडा दिन रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को ठंड को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञ के मुताबिक, घना कोहरा छाने के साथ ही शीतलहर भी सताएगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक बृहस्पतिवार को बरेली में अधिकतम पारा सामान्य तापमान 18.6 से 7.4 डिग्री कम 11.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान आठ से तीन डिग्री कम 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।शाहजहांपुर में अधिकतम तापमान पारा सामान्य से 7.1 डिग्री कम 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

कोहरे और बर्फीली हवा का सितम बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। 10 साल बाद अधिकतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह शिमला, नैनीताल, मसूरी से भी कम रहा। कड़ाके की ठंड के बीच लोगों ने पाला गिरने का अहसास भी किया। रात से ही घना कोहरा छा गया। शुक्रवार को भी सर्दी का सितम जारी है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार शिमला में दिन का पारा 14.4 डिग्री, नैनीताल में 12.5 डिग्री, मसूरी में 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि बरेली में यह 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक जनवरी के पहले सप्ताह में अधिकतम पारा औसत तापमान से तीन डिग्री कम दर्ज हो रहा है। क्रमवार 20 जनवरी तक शीत दिवस का अनुमान है। 11 जनवरी से हवा की दिशा में बदलाव से ठंड से कुछ हद तक राहत मुमकिन है।

## संक्षिप्त समाचार

# पुराने ब्लॉक परिसर में एक गोवंश की मृत्यु

क्यूँ न लिखूँ सच / शेर सिंह / बरेली के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र स्थित सीएचसी पुराने ब्लॉक परिसर में एक गोवंश की मृत्यु हो गई थी, जानकारी के अनुसार गोवंश की मृत्यु भीषण कड़कती ठंड के कारण हुई थी ग्रामीण लोगों ने इसकी सूचना अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना के जिलाध्यक्ष अजय पटेल को दी ग्रामीण लोगों की सूचना सुनते ही जिलाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लिया तत्काल जिला प्रशासन और पुलिस को सूचित किया,प्रशासनिक सहयोग से जेसीबी मशीन के द्वारा एक गहरा गड्ढा खुदवा कर इसके बाद हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गोवंश का अंतिम संस्कार कराया गया इस दौरान बिथरी थाने से कांस्टेबल राहुल कुमार और 112 पुलिस टीम भी मौजूद रही, जिलाध्यक्ष अजय पटेल ने कहा की गोवंश की रक्षा और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है उन्होंने प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की,इस दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष स्नेह कुमार, सदस्य मोहित पटेल अमन पटेल प्रशांत पटेल रवि कश्यप अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे,



# विश्वविद्यालय रोड सेफ्टी क्लब एवं एनएसएस इकाई द्वारा राहवीर योजना पर जन-जागरूकता कार्यक्रम




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब एवं एनएसएस इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की राहवीर योजना के अंतर्गत एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय रोड पर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता हेतु प्रोत्साहित करना एवं सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रोत्साहन के बारे में जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाने या उसकी सहायता करने वाले नागरिक को ?25,000/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं रोड सेफ्टी क्लब की टीम ने आमजन को योजना की विस्तृत जानकारी दी। रोड सेफ्टी क्लब की ओर से डॉ. आशीष जैन, डॉ. अनिल बिष्ट, डॉ. आशीष शंखवार एवं डॉ. इंदरप्रीत कौर ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि दुर्घटना के समय भय या कानूनी उलझन से बचने के बजाय मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पीड़ित की मदद करनी चाहिए, क्योंकि सरकार स्वयं ऐसे नेक कार्य को सम्मानित कर रही है।

# गेहूं की रखवाली कर रहे छात्र पर सांड ने किया हमला, इलाज के दौरान तोड़ा दम; परिजनों में मचा कोहराम



जानकारी के अनुसार गांव बमनी में बीते दिनों छुट्टा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार एक सांड का व्यवहार असामान्य हो गया था, जो खेतों में रखवाली कर रहे लोगों पर अचानक हमला कर रहा था।बदायूं में थाना अलापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमनी में एक छुट्टा सांड के हमले में एक किशोर छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर खराब हाल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बमनी में बीते दिनों छुट्टा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार एक सांड का व्यवहार असामान्य हो गया था, जो खेतों में रखवाली कर रहे लोगों पर अचानक हमला कर रहा था। इसी दौरान बीती रात गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे लोगों पर सांड ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें कई ग्रामीण घायल हो गए।हमले में राजू पुत्र ओमपाल (उम्र करीब 15 वर्ष ) गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल बदायूं लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में भी हालत में सुधार न होने पर उसे अलीगढ़ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान राजू ने दम तोड़ दिया। राजू कक्षा 9 का छात्र था और परिवार की उम्मीदों का सहारा माना जाता था। उसकी मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजन बेसुध हैं और घर में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से छुट्टा गौवंश खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला संचालन के दावे किए जा रहे हैं, इसके बावजूद आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने इस घटना को लेकर प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया है और मांग की है कि क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा सांडों को तत्काल पकड़ा जाए तथा गौशालाओं की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सिटी बस चालकों को बताये यातायात नियम

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी द्वारा बरेली इलेक्ट्रिक बस डिपो में सड़क सुरक्षा माह जागरुकता कार्यक्रम किया गया। एआरटीओ वैभव और बस कंपनी के डीजीएम जितेंद्र सिंह ने चालकों को जागरुक किया। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में अनुज जनरल मैनेजर सेफ्टी, विनोद सिंह कॉरपोरेट हेड और आशीष यादव एसपीवी हेड आदि ने यातायात नियमों के बारे में बताया। संचालन कर एआरटीओ वैभव और पीटीओ अजीत सिंह ने कहा, कोहरे के मौसम में विशेष सतर्कता रखें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखें आदि सावधानीपूर्वक बस संचालन करने पर विशेष जोर दिया। राहुल यादव ऑपरेशन मैनेजर एवं अमित शर्मा मेंटेनेंस मैनेजर ने कोच कैप्टनों द्वारा किए जा रहे सुरक्षित बस संचालन के प्रयासों की सराहना की।।


# बरेली में दर्दनाक हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पहले बच्ची फिर मां को कुचला, दोनों की मौत; थाने पहुंची भीड़



बरेली में शुक्रवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां बालू खनन में इस्तेमाल होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली ने घर के बाहर खेल रही चार साल की मासूम बच्ची को कुचल दिया। हादसे में मां-बेटी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र से शुक्रवार को बड़ी घटना सामने आई। थाना क्षेत्र के गांव साजनपुर में बालू खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची श्वेता को कुचल दिया। श्वेता को बचाने दौड़ी उसकी मां पुष्पा देवी को भी ड्राइवर ने ट्रैक्टर से टक्कर मार दी और कुचलते हुए वाहन भगा ले गया। घटना में मां-बेटी की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना के विरोध में ग्रामीण एकजुट होकर बिथरी चैनपुर थाने पहुंचे। जानकारी मिलने पर इंस्पेक्टर सीपी शुक्ला मौके पर जांच करने पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मां-बेटी की मौत हुई है, वह वाहन गांव का ही बताया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली से बालू ढोया जा रहा था। दोपहर के वक्त बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। उसी वक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां से गुजर रहा था। ट्रैक्टर से पहले बच्ची को टक्कर लगी, फिर उसकी मां को कुचल दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना में मां-बेटी की मौत हो गई। पुलिस ट्रैक्टर चालक के बार में पता लगा रही है।


# राम मंदिर और आसपास के क्षेत्र में अब नॉनवेज की नहीं होगी डिलीवरी, प्रशासन ने पूरी तरह लगाई रोक

राम मंदिर और आसपास के क्षेत्र में अब नॉनवेज की डिलीवरी नहीं होगी। प्रशासन ने इस पर पूरी तरह रोक लगी दी है। होटल संचालकों, दुकानदारों, गेस्ट हाउस, होम-स्टे और ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों को आदेश से अवगत करा दिया गया है।यूपी के अयोध्या में राम मंदिर और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग की परिधि के भीतर नॉनवेज खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रशासन ने पूरी तरह से रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध अब केवल होटल, ढाबे और दुकानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ऑनलाइन खाना डिलीवरी करने वाली कंपनियों पर भी लागू होगा। प्रशासन ने इस संबंध में होटल संचालकों, दुकानदारों, गेस्ट हाउस, होम-स्टे और ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों को आदेश से अवगत करा दिया है। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्रों में नॉनवेज की बिक्री पर पहले से ही प्रतिबंध है, लेकिन कुछ होटल, गेस्ट हाउस और होम-स्टे इसका पालन नहीं कर रहे थे। शिकायतें मिली थी कि पर्यटकों को ऑनलाइन माध्यम से नॉनवेज भोजन मंगाकर परोसा जा रहा हैइसी को देखते हुए प्रशासन ने अब राम मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में ऑनलाइन नॉनवेज डिलीवरी पर भी रोक लगा दी है। सभी संबंधित प्रतिष्ठानों और ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों को इस आदेश की जानकारी दे दी गई है। प्रशासन इस आदेश का सख्ती से पालन कराएगा, नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# ट्रंप के रूख से भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर संशय, कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

अमेरिकी वाणिज्य सचिव के दावे के बाद कांग्रेस ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला है। सचिव ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया, इसलिए भारत व्यापार समझौता करने से चूक गया।शुक्रवार को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बॉलीवुड अंदाज में



तंज कसा। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील इसलिए नहीं हुई, क्योंकि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया।कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रोजाना भारत द्वारा रूसी तेल निर्यात पर टिप्पणी कर रहें हैं। पर मोदी जी चुप हैं। अपनी नजरें चुरा रहे हैं। सर वाली बात %सरेंडर% ज्यादा दिखती है। हमारे लिए विदेश नीति मतलब, राष्ट्र हित सर्वोपरि होना जरूरी है। पर मोदी सरकार ने हमारी Non-Aligned और Strategic Autonomy की विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई है। मोदी सरकार की विदेश नीति एक Wild Pendulum की तरह कभी इधर, कभी उधर झुलती है और इसका नुकसान भारत की जनता को हो रहा है। वहीं कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने लटनिक के बयान का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, हग (गले मिलना) हग न रहा, पोस्ट पोस्ट न रहा उन्होंने पुराने हिंदी गानों की तर्ज पर तंज कसते हुए आगे लिखा, क्या से क्या हो गया, बेवफा तेरी दोस्ती में। पीएम पर तंज कसते हुए रमेश ने आगे कहा, क्या से क्या हो गया, बेवफा तेरी दोस्ती में। रमेश का यह कटाक्ष 1965 की फिल्म %गाइड% और 1964 की फिल्म संगम के मशहूर गानों पर आधारित था।अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने क्या कहा?- गुरुवार को ऑल-इन पॉडकास्ट के साथ एक इंटरव्यू में, लटनिक ने विस्तार से बताया कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील अब तक क्यों नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप %सीढ़ी% की तरह सौदे करते हैं, यानी जो पहले आता है उसे सबसे अच्छा सौदा मिलता है। ब्रिटेन के साथ सौदा पक्का करने के बाद सभी ने ट्रंप से पूछा कि अगला देश कौन सा होगा और राष्ट्रपति ने कई देशों के बारे में बात की, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक रूप से कुछ बार भारत का नाम लिया। पीएम मोदी ने नहीं किया फोन - लटनिक ने कहा, हमने भारत से कहा था कि आपके पास तीन शुक्रवार का समय है। सब कुछ तैयार था, बस पीएम मोदी को राष्ट्रपति ट्रंप को फोन करना था। लेकिन भारतीय पक्ष इसे लेकर असहज था और। लटनिक के मुताबिक, उस शुक्रवार के बाद अमेरिका ने इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा कर दी। उन्होंने आगे कहा कि वाशिंगटन दूसरे देशों के साथ बातचीत कर रहा था और मान रहा था कि भारत के साथ डील उनसे पहले हो जाएगी। जब भारत ने बाद में संपर्क किया, तो लटनिक ने जवाब दिया, क्या आप उस ट्रेन के लिए तैयार हैं जो तीन हफ्ते पहले ही स्टेशन से निकल चुकी है? उन्होंने कहा कि भारत अब कतार में पीछे रह गया है। रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत से नाराज है ट्रंप- लटनिक की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब हाल ही में ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर नाराजगी जताई थी और भारतीय सामानों पर टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी दी थी। बता दें कि अब तक इसके लिए छह दौर की बातचीत हो चुकी है। इस समझौते में अमेरिकी में आने वाले भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ को खत्म करने के लिए एक फ्रेमवर्क डील शामिल है।

### अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों पर सख्त कार्रवाई

## एसडीएम करैरा ने पांच सर्वे नंबरों के भूमि स्वामियों को जारी किए नोटिस

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा / शिवपुरी। मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम, 2021 के अंतर्गत अवैध कॉलोनियों के विकास पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम करैरा श्री अनुराग निंगवाल ने करैरा क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित करने के मामले में पांच सर्वे नंबरों के भूमि स्वामियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम द्वारा जारी नोटिस के अनुसार सर्वे क्रमांक 2533/1/2/1/1/1/1/1/1/1 रकबा 1.0158 हेक्टेयर के भूमि स्वामी श्री विनोद कुमार श्रीधर पहाड़िया द्वारा बिना अनुमति अवैध कॉलोनी विकसित कर लगभग 58 से 59 छोटे भूखंडों का विक्रय किया गया।

इसी प्रकार सर्वे क्रमांक 1970/12/1/1/1/1/1/1/1/1 रकबा 0.8568 हेक्टेयर के भूमि स्वामी भागोनी एवं मिश्रीलाल पुत्र मटूबा जाटव द्वारा 36 से 38 व्यक्तियों को भूखंड विक्रय किए गए।

सर्वे क्रमांक 1848/2/1/3/1/1/1/1 रकबा 0.9426 हेक्टेयर के भूमि स्वामी प्रदीप, सुधीर, राजीव पुत्रगण शंभूदयाल एवं श्रीमती उर्मिला पत्नी शंभूदयाल श्रीवास्तव द्वारा 28 से 31 लोगों को छोटे-छोटे भूखंड बेचे गए।

सर्वे क्रमांक 1846/1/2/4/2/2/1/1/1/1/2 रकबा 0.9551 हेक्टेयर के भूमि स्वामी राजीव पुत्र शंभूदयाल एवं श्रीमती उर्मिला पत्नी शंभूदयाल श्रीवास्तव द्वारा 44 से 46 भूखंडों का विक्रय किया गया।

वहीं सर्वे क्रमांक 1898/2/1/1/1/1/1 रकबा 2.6779 हेक्टेयर के भूमि स्वामी संतोष पुत्र बालकिशन त्रिपाठी एवं श्रीमती प्रीति पत्नी प्रमोद गुप्ता द्वारा 25 से 27 छोटे भूखंडों का विक्रय किया गया।

एसडीएम श्री अनुराग निंगवाल ने सभी भूमि स्वामियों को तीन दिवस के भीतर समस्त वैधानिक अभिलेखों सहित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रकरण सक्षम अधिकारी को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जाएगा।

## बाथरूम में नहाने गया युवक गीजर की गैस से हुआ बेहोश, दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला, आगरा ले गए परिजन

पुनीत शर्मा सुबह नहाने के लिए बाथरूम गया। वहां गैस गीजर लगा हुआ था। वह बाहर नहीं निकला। जब बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि शिवकुमार अंदर बेहोश पड़ा है। परिजन तत्काल पुनीत को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।सर्दी के मौसम में गैस गीजर का इस्तेमाल जानलेवा साबित होते-होते बचा। हाथरस शहर की वाटर वर्क्स कॉलोनी में 9 जनवरी सुबह गैस गीजर से निकली गैस के कारण एक 24 वर्षीय युवक बाथरूम में ही बेहोश हो गया। परिजनों की तत्परता और समय रहते दरवाजा तोड़ने की वजह से युवक की जान बच सकी।नहाने गए युवक की बाथरूम में बिगड़ी हालत वाटर वर्क्स कॉलोनी निवासी शिवकुमार शर्मा का 24 वर्षीय पुत्र पुनीत शर्मा 9 जनवरी सुबह नहाने के लिए बाथरूम में गया था। बाथरूम में गैस गीजर लगा हुआ था। करीब 15 मिनट बीत



जाने के बाद भी जब पुनीत बाहर नहीं आया और अंदर से कोई आहट नहीं मिली, तो बाहर मौजूद परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। भाई ने दरवाजा तोड़कर निकाला बाहर- पुनीत को आवाजें दी गईं, लेकिन अंदर से कोई जवाब न मिलने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पुनीत के बड़े भाई दीक्षांत शर्मा ने साहस दिखाते हुए बाथरूम का दरवाजा तोड़ दिया। कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण उसका दम घुट गया था और वह बेहोश हो गया था। ऑक्सीजन सपोर्ट के बाद आया होश- परिजन तत्काल पुनीत को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत उपचार शुरू किया और ऑक्सीजन दी। काफी देर चले उपचार के बाद पुनीत को होश आया। हालांकि, हालत में सुधार होने के बावजूद परिजन कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे, इसलिए वे एहतियात के तौर पर उसे बेहतर इलाज के लिए आगरा ले गए हैं। पहले हो चुकी है घटनाएं - गैस गीजर के कारण मुरसान में एक युवती की मौत हो चुकी है। 18 फरवरी 2022 की सुबह मुरसान की स्टेट बैंक गली में दर्दनाक हादसा हुआ था। बाथरूम में युवती राधा की गैस गीजर से दम घुटने के कारण मौत हो गई थी। कुछ दिन बाद ही युवती की शादी थी। इस घटना ने परिवार को तोडक़र रख दिया था। दिसंबर 2022 में कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र की माहेश्वरी कॉलोनी में 23 वर्षीय प्रशांत नहाते समय बेहोश हो गया था।

# तुम हिंदू हो, बीएचयू जाओ: एएमयू महिला प्रोफेसर ने विभागाध्यक्ष पर लगाया आरोप, विवि ने दिए जांच के आदेश

एएमयू महिला प्रोफेसर ने विभागाध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि वह कहते हैं तुम हिंदू हो, बीएचओ चली जाओ। विभागाध्यक्ष ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। मामले में यूनिवर्सिटी इंतजामिया ने जांच के आदेश दिए हैं। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी विभाग के अध्यक्ष पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया चली जाओ। पांच महीने पुराने इस मामले का वीडियो दिए हैं। प्रो. रचना ने बताया कि उनके साथ अन्याय हो शिकायत कुलपति से की थी। कुलपति ने उन्हें बुलाकर रिकॉर्डिंग भी सुनी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अधिकार (आरटीआई) के तहत कुलपति की टिप्पणी बताया कि 11 नवंबर 2025 को मिले उत्तर में कहा गया विज्ञान संकाय के डीन की ओर से दो सितंबर 2025 को उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रो. रचना ने कहा कि एएमयू



(एएमयू) के राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. रचना कौशल ने अपने ही है। प्रो. रचना का कहना है कि उनसे कहा कि गया कि तुम हिंदू हो, बीएचओ अब वायरल हो रहा है। मामले में यूनिवर्सिटी इंतजामिया ने जांच के आदेश रहा है। उन्हें सांप्रदायिक कहा जा रहा है। 22 सितंबर 2025 को इसकी उनकी बात सुनी। विभागाध्यक्ष द्वारा कही सांप्रदायिक बातों की ऑडियो शिकायत के एक महीने के बाद उन्होंने 22 अक्तूबर 2025 को सूचना का और संबंधित कार्यालयों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी।उन्होंने कि पत्र कुलपति के विचाराधीन हैं। प्रो. कौशल ने कहा कि उन्हें सामाजिक छात्रों के एक पत्र के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया, जबकि वह पत्र उन्हें शिक्षक संघ द्वारा कुलपति की टिप्पणी पर इंतजामिया ने संघ को नोटिस दे दिया, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। विभागाध्यक्ष प्रो. नफीस अंसारी ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में कई हिंदू छात्र पीएचडी कर रहे हैं।

# योगी के नेतृत्व में विकास और कानून व्यवस्था की मिसाल बना यूपी, रक्षामंत्री बोले - पहले दंगे होते थे

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि योगी के नेतृत्व में यूपी अब निवेश के पसंदीदा गंतव्यों में शामिल हो चुका है। पहले यह प्रदेश दंगों के लिए जाना जाता था।रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का कायाकल्प देश के व्यवस्था के लिए जाना जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का उद्धाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी जी जा सकती है। अशोक लीलैंड कंपनी की इस ईवी फैक्टरी का लखनऊ से सांसद हूं पर अगर मैं लखनऊ का न भी होता तो भी कानून व्यवस्था और दंगों से जोड़कर देखा जाता था वो अब होने से यहां के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा। यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। अब भारत बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री में सुधार हुआ है वो अपने आप में एक मिसाल है।



दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल है। पहले जो प्रदेश दंगों और खराब कानून पहचान बना रहा है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं रहा है बल्कि देश को आगे बढ़ाने शुक्रवार को लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट जिस तरह से यूपी को चला रहे हैं। उससे सहज ही प्रदेश की रेटिंग एक्सीलेंट कही उद्धाटन प्रदेश के औद्योगीकरण की दिशा में मील का पत्थर है।उन्होंने कहा कि मैं यह शहर मुझे उतना ही प्रिय होता जितना कि आज है । पहले जिस यूपी को खराब निवेश के क्षेत्र में अपनी जगह बना रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश में निवेश देश को मजबूत बनाने मे अपनी भूमिका निभा रहा यूपी रक्षामंत्री ने कहा कि अब एक कमजोर देश नहीं बल्कि अपने हथियार खुद बनाता है और इस कार्य में यूपी योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। प्रदेश में जिस तरह से कानून व्यवस्था के क्षेत्र

### संक्षिप्त समाचार

## घरवालों ने जबरन शादी कराई तो ससुराल छोड़ प्रेमी के घर पहुंची युवती, खुदकुशी की दी धमकी; थाने पहुंचा मामला

मिर्जापुर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवती का गांव के रिश्तेदारी के लड़के से मेल-जोल बढ़ने पर घरवालों ने उसकी शादी कर दी। इसके बाद युवती ससुराल छोड़कर प्रेमी के घर पहुंच गई। मिर्जापुर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती पति का घर छोड़ शुक्रवार को प्रेमी के घर पहुंच गई। वहां प्रेमी ने घर में रखने से मना किया तो युवती ट्रेन से कटकर जान देने की धमकी देने लगी। इस पर प्रेमी की मां युवती को लेकर राजगढ़ थाने पहुंच गई। तहरीर देकर युवती से छुटकारा दिलाने की मांग की।क्या है मामला- एक युवती का पड़ोसी के घर रिश्तेदारी में आने वाले वाले एक युवक से प्रेम हो गया। युवक से ज्यादा मेल जोल बढ़ता देखा युवती के पिता ने सोनभद्र के करमा थाना क्षेत्र के एक गांव में उसकी शादी कर दी। शुक्रवार को युवती ससुराल से सीधे प्रेमी के घर पहुंच गई। उसके साथ रहने की जिद करने लगी।इस पर प्रेमी ने उसे अपने घर में रखने से मना कर दिया। इस पर युवती ने गांव के पास से गुजरे रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर जान देने की बात कहने लगी। इससे प्रेमी की मां घबरा गई और युवती को लेकर सीधे राजगढ़ थाने पहुंच गई। उसने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर युवती से छुटकारा दिलाने की मांग की। पुलिस ने दी चेतावनी-राजगढ़ पुलिस ने युवती के माता-पिता को बुलाकर युवती को समझा कर उनके हवाले कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा इस तरह की हरकत हुई तो प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। राजगढ़ थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली थी। युवती को समझाकर उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। युवती ने अब ऐसी गलती नहीं करने की बात कही है।

## ऐसे कैसे बढ़ेंगी बेटियां: पिता ने बेटी की पढ़ाई पर लगाई रोक, छात्रा ने बुला ली पुलिस; खाकी ने निभाया फर्ज

फिरोजाबाद में एक अलग ही मामला सामने आया है। यहां एक बीए की छात्रा को उसके पिता ने आगे पढ़ने से रोका तो उसने पुलिस हेल्पलाइन पर फोन मदद मांगी। इस पर पुलिस ने तत्काल घर पहुंचकर अपना फर्ज निभाया और छात्रा को आगे पढ़ने की अनुमति मिल गई।यूपी के फिरोजाबाद स्थित थाना दक्षिण क्षेत्र में नारी सशक्तीकरण और पुलिस की पाठशाला का बड़ा असर देखने को मिला है। बुधवार रात क्षेत्र में रहने वाली एक बीए की छात्रा ने शिक्षा के आड़े आ रहे अपने पिता के खिलाफ पुलिस बुला ली। पुलिस ने न केवल छात्रा की मदद की, बल्कि उसके पिता को कड़ी हिदायत भी दी।हेलो.. सर मुझे पापा पढ़ने से रोक रहे हैं- थाना दक्षिण इंस्पेक्टर योगेंद्र पाल सिंह ने बताता कि क्षेत्र की रहने वाली बीए की एक छात्रा ने पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दी कि उसके पिता उसे कॉलेज जाने और आगे की पढ़ाई करने से रोक रहे हैं। छात्रा का आरोप था कि जब उसने पढ़ाई जारी रखने की जिद्द की, तो पिता उसके साथ मारपीट पर उतारू हो गए। छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत पुलिस से संपर्क किया।थाने के कार्यक्रम से मिली थी %पावर%- छात्रा ने बताया कि कुछ समय पहले उसने थाना दक्षिण में आयोजित एक महिला जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। वहां उसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई थी। उसी जागरूकता का नतीजा था कि डरे बिना उसने अपने भविष्य के लिए यह बड़ा कदम उठाया। पुलिस की पिता को कड़ी चेतावनी- सीओ सिटी प्रवीण तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिता को थाने लाया गया। पुलिस ने पिता को सख्त लहजे में समझाया कि बेटी को पढ़ने से रोकना कानूनन गलत है। पुलिस ने चेतावनी दी कि बेटी की पढ़ाई में किसी भी तरह की बाधा न डाली जाए। यदि भविष्य में छात्रा के साथ मारपीट या उत्पीड़न किया गया, तो सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर सीधे जेल भेजा जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सिरमौर जिले के हरिपुरधार में बस दुर्घटनाग्रस्त, 12 लोगों की मौके पर ही मौत; कई घायल



हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शुक्रवार को एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। हादसे में अभी तक बारह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई घायल हैं। रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। फिलहाल कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ये बस कुपवी से शिमला जा रही थी। जो हरिपुरधार के पास 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार बस में 30 से 35 लोग सवार थे।स्थानीय लोग हादसे में घायलों को बाहर सड़क तक लेकर आ रहे हैं। घटना के बाद मौके पर चीखों पुकार मची है। हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए हैं।एसपी सिरमौर, निश्चिंत सिंह नेगी ने कहा कि सिरमौर जिले में हरिपुरधार के पास कुपवी से शिमला जा रही एक प्राइवेट बस के सड़क से नीचे गिरने से हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 30-35 लोग सवार थे। और जानकारी का इंतजार है। मैं मौके पर जा रहा हूं। पुलिस और दूसरी बचाव टीमें घायलों को निकालने की कोशिश कर रही हैं।उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जताया शोक- सिरमौर जिले के हरिपुरधार में शुक्रवार दोपहर बाद एक निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 12 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गए। घटना के बाद राहत बचाव कार्य जारी है। गंभीर रूप से घायल पांच मरीजों को उपचार के लिए हायर संगड़ाह, ददाहू और नाहन लाया जा रहा है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। उधर, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान दुर्घटना पर सरकार की ओर से शोक जताया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज नाहन में गंभीर रूप से लाए जा रहे मरीजों के उपचार के लेकर उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। कुछ लोग राजगढ़, व ददाहू में रेफर किए गए हैं। मेडिकल कालेज में तैयारियां उपचार के लिए पूरी कर दी हैं।

बस हादसे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने जताया दुख

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि हरिपुरधार में बस दुर्घटना की अत्यंत दुखद खबर प्राप्त हुई है। इस हृदयविदारक घटना ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया है। इस दुख की घड़ी में उन्होंने अपने आगामी सभी कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। वह इस समय पालमपुर से हरिपुरधार के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कठिन समय में हम सभी का कर्तव्य है कि एकजुट होकर मानवता के नाते अपना दायित्व निभाएं।मुख्यमंत्री सुक्खू ने बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक किया व्यक्त - मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को सिरमौर जिले के हरिपुरधार के पास एक निजी बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त किया। दुर्भाग्यपूर्ण बस शिमला से राजगढ़ होते हुए कुपवी जा रही थी, तभी वह सड़क से उतरकर एक गहरी खाई में गिर गई। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उपमुख्यमंत्री ने भी जताया शोक- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि %सिरमौर जिले के हरिपुरधार में एक निजी बस के गहरी खाई में उतरने से 12 लोगों के निधन एवं कई यात्रियों के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। हादसे में मारे गए लोगों को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं शोकाकुल परिवारों को अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन राहत कार्यों के लिए मौके पर पहुँच चुका है। ? शांति।नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी जताया शोक- वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी बस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि %सिरमौर जिले के हरिपुरधार क्षेत्र में निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना बहुत दुःखद है। इस भीषण हादसे में कई लोगों के हताहत होने की सूचना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।%हरिपुरधार हादसे में 12 लोगों की मौत, 19 लोग मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर सिरमौर जिले में हुई बस दुर्घटना में कुछ घायल लोग राजगढ़ कुछ ददाहू रेफर किए गए हैं। मेडिकल कालेज में तैयारियां उपचार के लिए पूरी कर दी गई हैं। उद्योग मंत्री खुद मेडिकल कॉलेज में डटे हैं। उन्होंने 12 लोगों की मौत की पुष्टि की है।वहीं, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि %शिमला से हरिपुरधार जा रही एक प्राइवेट बस के सिरमौर ज़िले के हरिपुरधार में दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए, बहुत दुखद है। इस दुखद घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया है। घटना के बाद, स्थानीय प्रशासन, पुलिस और निवासियों ने राहत और बचाव अभियान शुरू किया। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति, घायलों के जल्द स्वस्थ होने और शोक संतप्त परिवारों को शक्ति मिलने की प्रार्थना करता हूं। राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में सभी प्रभावित परिवारों के साथ मज़बूती से खड़ी है।%हरिपुरधार बस हादसाः जयराम ठाकुर ने जताया शोक, लचर स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार को घेरा- सिरमौर जिले के हरिपुरधार में हुए भीषण बस हादसे पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने गहरा दुख व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में 12 यात्रियों की मृत्यु को हृदयविदारक बताते हुए उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हादसे के बाद क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों की बदहाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि हरिपुरधार और आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों में लचर व्यवस्था और सुविधाओं का अभाव अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे घायलों को समय पर उचित उपचार मिलने में भारी कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को तुरंत दुरुस्त किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

जयराम ठाकुर ने जानकारी दी कि उन्होंने स्थानीय भाजपा सांसद सुरेश कश्यप को तुरंत मौके पर जाकर पीड़ित परिवारों की मदद करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जमीनी स्तर पर राहत कार्य सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वह राजनीति से ऊपर उठकर घायलों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराए और मृतकों के आश्रितों को हरसंभव सहायता व उचित मुआवजा प्रदान करे। जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि संकट की इस घड़ी में भाजपा का हर कार्यकर्ता पीड़ितों के साथ खड़ा है और सरकार को राहत कार्यों में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

# विश्व में पहले स्थान पर पहुँचेगा भारत का डाक विभाग : सिंधिया



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा / शिवपुरी। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को शिवपुरी जिले के बदरवास में ?0.81 लाख की लागत से निर्मित उप-डाकघर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डाक विभाग तेज़ी से आधुनिक स्वरूप ग्रहण कर रहा है और आने वाले समय में विश्व में अपनी सेवाओं के बल पर प्रथम स्थान हासिल करेगा।

श्री सिंधिया ने कहा कि बदरवास के प्राचीन मंदिर मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक पोस्ट ऑफिस को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर जनता को समर्पित किया गया है। वर्ष 2009 से शुरू हुए डाक आधुनिकीकरण अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के 50 पोस्ट ऑफिस का कायाकल्प किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि डाकिया केवल चिट्ठी नहीं लाता, बल्कि वह घर से दिल और सरहद से घर तक भावनाएँ पहुँचाता है। आज डाक विभाग बैंकिंग, बीमा, बचत योजनाओं और सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ बन चुका है। सुकन्या समृद्धि योजना को उन्होंने भविष्य का वटवृक्ष बताते हुए कहा कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।

किसानों और महिलाओं को मिलेगा आर्थिक बल कार्यक्रम के दौरान श्री सिंधिया ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ हुए दो महत्वपूर्ण एमओयू की जानकारी दी। पहले एमओयू के तहत खाद की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे किसानों को समय पर और पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

दूसरे एमओयू के माध्यम से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण देकर गाँव-गाँव खाते खोलने का कार्य सौंपा जाएगा, जिससे महिलाएँ प्रति माह ?15,000 से ?30,000 तक की आय अर्जित कर सकेंगी।

जून 2026 तक हर गाँव में पहुँचेगा 4त्र नेटवर्क श्री सिंधिया ने बदरवास सब-स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर बड़ा ऐलान करते हुए

कहा कि जून 2026 तक देश के हर गाँव में 4त्र नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत में 120 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं और गाँव-गाँव 4त्र पहुँचने से ग्रामीण भारत डिजिटल रूप से सशक्त होगा।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, कोलारस विधायक श्री महेंद्र यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जसवंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव, कलेक्टर श्री रविन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड़ सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहित महिला की हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी



क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती के थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत अहिरन पुरवा के बेलकर गांव में सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता के मौत की खबर सुनते ही गांव में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के द्वारा दी गई सूचना पर मौके पर पहुंची इकौना पुलिस तो ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक 30 वर्षीय सुशीला देवी ने अपने ही कमरे में छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटककर मौत को गले लगा लिया। सूचना पाते ही मृतक महिला के पिता राम निवास यादव मौके पर पहुंचे और दहेज की बात को लेकर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। और कहा कि बेटी सुशीला देवी की शादी आठ वर्ष पूर्व बेलकर गांव निवासी मेला राम यादव पुत्र अमरिका प्रसाद यादव के साथ की थी तभी से ससुरालियों द्वारा दहेज की मांग करते हुए बेटी को प्रताणित करते रहे। घटना के बाद मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं शिकायतें



क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती जनसुनवाई के दौरान तहसील भिनगा के अन्तर्गत ग्राम एहलवा निवासी शिव प्रसाद अपनी समस्या लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचे। उन्होंने बताया की वे पैरों से दिव्यांग है। इस पर जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय ने जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी को मौके पर बुलाकर तत्काल उनका परीक्षण करवाया, जिसमें वे दिव्यांग पाये गये। जिस पर जिलाधिकारी ने दिव्यांग की समस्याओं मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल प्रदान एवं ठंड को देखते हुए कम्बल प्रदान किया, जिससे उन्हें आवागमन और दैनिक कार्य में आसानी हो सके जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी को 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी। इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

### खनन में ट्रैक्टर-ट्राली सीज

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती ।जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन मे खनन विभाग द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गई। जिसके तहत देर रात ट्रैक्टर ट्रॉली को बिना वैध प्रपत्र के अवैध परिवहन किए जाने पर सीज कर थाना नवीन मॉडर्न मे सुपर्द किया गया है। रात्रि प्रवर्तन भ्रमण के दौरान तहसील इकौना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजगढ़ गुलहरिया में 01 ट्रैक्टर ट्रॉली को बालू लदा पकड़ गया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसके बाद अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर थानाध्यक्ष नवीन मॉडर्न की अभिरक्षा मे दिया गया है। खनन निरीक्षक विवेक कुमार ने बताया है कि जनपद मे खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमे तहसील स्तर पर संबंधित उपजिलाधिकारी (राजस्व विभाग) एवं क्षेत्रीय अधिकारी (पुलिस विभाग) सदस्य है। टास्क फोर्स द्वारा जनपद मे लगातार भ्रमणशील रहकर अवैध खनन/परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 मे माह दिसंबर 2025 तक अवैध खनन/परिवहन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनपद में 128 वाहनों से कुल 65 लाख की धनराशि जमा कराई गई है।

# जिलाधिकारी ने सीएचसी भिनगा का किया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। भिनगा - जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनगा का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में मुहैया करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होने मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों द्वारा मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधा की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पंजीकरण काउंटर, इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0 मरीज पंजिका, औषधि भंडार, टेली-मेडिसिन केन्द्र, प्रयोगशाला, प्रसव कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण कर निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कोल्डवेव रूम तथा हीटवेव रूम बन्द पाया गया तथा साफ-सफाई असन्तोषजनक पायी गई बेड व अन्य सामान बिखरा मिला आलमारी मे भी गन्दगी से व्याप्त थी जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को कड़ी फटकार लगायी तथा सफाई व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने हेतु निर्देशित किया। स्टोर रूम का निरीक्षण करने पर 02 सरकारी स्कूटी रखी पायी गई तथा कबाड़ रखा पाया गया टेलीमेडिसिन कक्ष भण्डार का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिया। वार्ड में 08 बेड पाये गये तथा बेड पर खराब चादरें पायी गई जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल उन्हें हटवाने का निर्देश दिया।

# Still not getting a glow despite expensive products? These 7 mistakes could be the reason.

Every woman wants her skin to remain youthful and beautiful, but sometimes, unintentional mistakes accelerate aging. The most common mistakes include not applying sunscreen, not choosing products according to skin type, and excessive scrubbing. Let's explore these in detail in this article. Ignoring hydration is a major mistake. Lacking enough sleep also accelerates the aging process. Skipping nighttime skincare is also a mistake. Every woman wants her skin to remain youthful and healthy for as long as possible. However, due to busy schedules, increasing responsibilities, and a lack of self-care, women often unintentionally make some skincare mistakes that accelerate the aging process. These mistakes lead to the early appearance of wrinkles, fine lines, and sagging skin. Let's learn about some common mistakes women make that can be avoided to maintain healthy skin. Not using sunscreen - Women often think that sunscreen is only necessary when they're out in the sun. However, the reality is that the sun's harmful UV rays can damage skin even indoors or at the office. Not applying sunscreen can lead to premature wrinkles and pigmentation. Not choosing products according to your skin's needs - Many women use products without understanding their skin type. The wrong products can make skin dry, oily, or acne-prone. Over time, they weaken the skin barrier, leading to early signs of aging. Over-scrubbing the face or using harsh cleansers - Facial cleansing is essential, but excessive scrubbing or using harsh cleansers strips the skin of its natural moisture. Dry and damaged skin can lead to the appearance of fine lines and increased signs of aging. Ignoring hydration - Not drinking enough water and not using moisturizer makes the skin dull and lifeless. Dehydration causes wrinkles to appear on the skin. It is extremely important to keep the skin hydrated both internally and externally. Ignoring a sleep routine - Insufficient sleep or irregular sleep habits affect skin health. Skin repair occurs during sleep. Lack of sleep causes dark circles, puffy eyes, and premature aging. Stress and an unhealthy diet - Excessive stress and the consumption of junk food, sweets, and oily foods damage the skin. These habits reduce collagen production and decrease skin elasticity, leading to early signs of aging. Skipping night care - Going to sleep without cleansing the face after a tiring day or not using a night cream/serum is harmful to the skin. Night is the time for skin repair; ignoring it accelerates the aging process.




# Make crispy mint kachori in minutes with this easy recipe; your tea will be doubled.

Evening tea is truly delicious when accompanied by something hot and crunchy. While we often eat samosas and pakoras, if you want to try something new and spicy, there's nothing better than mint kachori. The freshness of mint and the pungency of spices combine to make it so delicious that you won't forget its taste once you've tasted it. The best part is that mint kachori doesn't require hours of standing in the kitchen. This recipe is incredibly easy. All you need is flour, a little semolina, fresh or dried mint, gram flour, and some common home spices. Mint not only enhances the flavor but is also light on the stomach. Let's learn the full recipe in detail. Ingredients for Mint Kachori For kneading the dough: Refined flour: 2 cups Semolina: 2 tablespoons (this makes the kachori more crispy) Oil or ghee (for kneading): 4-5 tablespoons Celery: 1/2 teaspoon Salt: to taste Water: for kneading the dough (use cold water) For making the masala: Mint: 1 cup fresh leaves (washed and ground) or 2 teaspoons dried mint powder Gram flour: 1/2 cup (lightly roasted) Fennel: 1 tablespoon (coarsely ground - this is most important) Coriander powder: 1 teaspoon Red chili powder: to taste Mango powder: 1 teaspoon (for sourness) Garam masala: 1/2 teaspoon Asafoetida: 1 pinch Salt and black salt: to taste Sugar: 1/2 teaspoon (to balance the flavor of the spices, optional) For frying: Oil: as needed (for frying in a pan) (For more information, see the recipe for Mint Kachori.)



Mint Kachori Recipe: First, prepare the dough. Add salt, carom seeds, and a little oil to the flour, knead it into a stiff dough, and let it rest for a while. For the stuffing, mix roasted gram flour with mint paste or powder, coarsely ground fennel seeds, coriander powder, mango powder, and chili peppers. Remember, the combination of fennel seeds and mint is the heart and soul of this kachori. Now, form small balls of dough and fill them with this spicy mixture. Instead of rolling them with a rolling pin, press them lightly with your palms to flatten them. Now, heat the oil in a pan. Here's a special tip: always fry the kachoris on low heat. On high heat, they will turn red on the outside, but won't become crispy on the inside. Remove them when they are golden and puffed up. Your hot, crispy mint kachoris are ready. Serve with green chutney or sweet tamarind chutney. Believe me, when you serve this to your family members with evening ginger tea, everyone will not get tired of praising you.

# Are you taking vitamin D supplements at the wrong time? Learn the right way to take them for 100% benefit.

Vitamin D deficiency is a major concern for most Indians. It can lead to various health problems. Therefore, it's crucial to address this deficiency. Supplements are a good way to do this, but knowing the right time and method to take it is essential to reap the full benefits. Vitamin D is vital for our bodies. Its deficiency can lead to symptoms like weakened immunity, weak bones, and hair loss. Taking supplements is beneficial to overcome this deficiency. Vitamin D is a vital vitamin for our bodies. Its best source is sunlight, yet its levels are found to be very low in most people. Vitamin D deficiency can cause many problems (Vitamin D Deficiency Symptoms) such as weak bones, hair loss, and mood swings. Therefore, people often take vitamin D supplements to address this deficiency. Supplements can certainly increase vitamin D levels quickly, but there are some things to keep in mind. Let's learn the right time and method for taking vitamin D supplements. What is the right time to take vitamin D? The timing of taking vitamin D can affect its absorption and the quality of your sleep. Morning or afternoon: It's best to take vitamin D supplements with breakfast or lunch. What is the right way to take vitamin D supplements? The most important thing when taking vitamin D supplements is what you eat them with. Take it with foods containing fats: Because it's a fat-soluble vitamin, instead of taking it on an empty stomach, take it with foods containing healthy fats, such as milk, yogurt, eggs, nuts, or ghee. Absorption rate: Taking vitamin D with the heaviest meal of the day can increase its absorption. Dosage and Types of Supplements - Vitamin D is primarily available in two forms: D2 (Ergocalciferol) and D3 (Cholecalciferol). Doctors typically recommend D3 because it works more effectively in the body. Dosage depends entirely on your blood test results. Taking excessive amounts of supplements without testing can be harmful. Keep these things in mind: Magnesium supplementation - The body needs magnesium to activate vitamin D. If you are magnesium deficient, you won't be able to reap the full benefits of vitamin D. Vitamin K2 - Vitamin D increases calcium absorption, but vitamin K2 ensures that calcium reaches the bones and not accumulates in the arteries. Avoid overdose - Vitamin D toxicity can cause dangerously high calcium levels in the body, leading to kidney stones or heart problems.



